राजस्थान सरकार

न्यायालय तहसीलदार बुहाना जिला झुन्झनुं (राज0)

मुकदमा	किस्म मुकदमा	रज्जु दिनांक	निर्णय दिनांक
07/2020	धारा 91 एल.आर.एक्ट	21.01.2020	17.02.2020

उनवान सरकार बनाम धर्मपाल पुत्र धन्नाराम जाति जाट निवासी मैनाना तहसील बुहाना जिला झुन्झुनूं (राज0)

–: निर्णय :–

पत्रावली आज पेश हुयी। अतिक्रमी अनुपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। मामला संक्षिप्त में इस प्रकार है। पटवारी हल्का श्यामपुरा मैनाना ने सम्वत 2076 में इस आशय की रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि ग्रम मैनाना की राजकीय भूमि गै0मु0 रास्ता ख0न0 134 कुल रकबा 6.0914 है0 किस्म गै0मु0 जोहड़ में से 0.03 है0 पर अतिक्रमी धर्मपाल पुत्र धन्नाराम जाति जाट निवासी मैनाना ने अवैध रूप से 7 वर्ग मीटर में शौचालय, 20 वर्ग मीटर में ढारा, 72 वर्ग मीटर में पक्का मकान, 9 वर्ग मीटर में टीन ढारा मय चार दीवारी बनाकर अवैध रूप से अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया गया है।

रिपोर्ट पटवारी हल्का से प्राप्त होने पर मामला दर्ज रजिस्टर किया जाकर अतिक्रमी को राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किया जाकर तलब किया गया। नोटिस प्राप्ति पर अतिक्रमी अनुपस्थित रहा। अतिक्रमी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी।

पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य/सबुत का गहनता से मनन किया गया । अतिक्रमी द्वारा किया गया अतिक्रमण जो काबिल नियमन नही है। ना ही नियमो के अनुरूप है। अतिक्मी द्वारा राजकीय भूमि में 7 वर्ग मीटर में शौचालय, 20 वर्ग मीटर में ढारा, 72 वर्ग मीटर में पक्का मकान, 9 वर्ग मीटर में टीन ढारा मय चार दीवारी बनाकर अतिक्मण किया गया है। अतिक्रमण किये जाने के फलस्वरूप अतिक्रमी घोषित किया जाता है व जैर बहस रिपोर्ट पटवारी पर से बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते है।

अतिक्रमी द्वारा अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध रूप से 7 वर्ग मीटर में शौचालय, 20 वर्ग मीटर में ढारा, 72 वर्ग मीटर में पक्का मकान, 9 वर्ग मीटर में टीन ढारा मय चार दीवारी बनाकर अतिक्मण किये जाने के दण्ड स्वरूप शरह लगान 2.18/– का अतिक्रमण शुदा लगान 1.00 की 50 गुणा जुर्माना राशि 50.00/– बतौर शास्ति कायम किये जाते है।

तहसील राजस्व लेखाकार/भू0अ0निरीक्षक/पटवारी हल्का को वास्ते जमा कायमी/बेदखली/वसूली हेतु लिखा जावे। भू0 अ0 निरीक्षक को राजकीय भूमि से अतिक्रमीत भूमि से वास्तविक रूप से बेदखल करने हेतु लिखा जावे। पत्रावली बाद तकमील तामील दाखिल दपतर हो तथा नम्बर शुमार से कम होकर दर्ज फैसला हो।

निर्णय आज दिनांक 17.02.2020 को खुले न्यायालय सुनाया में सुनाया गया।

(बंशीधर योगी)
तहसीलदार बुहाना

Scanned with CamScanner